मिलता रहे तेरा प्यार साँवरे | By Vipin Agarwal

मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे
एक बार नहीं हर बार सांवरे

जब से मैंने होश संभाला सबने यह बतलाया
जब भी पड़ी मुसीबत कोई रिश्ता तेरा दिखाया
तू अपनो की करता संभाल सांवरे
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे

अब तो बाबा तुम से विनती अपना मुझे बना ले
मान के अपना छोटा बालक अपने गले लगा ले
अब कह दे मुझे भी तू लाल सांवरे
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे

सुना है जो भी दर पर आता वह तेरा हो जाता
मानकर अपनी जिम्मेदारी हरदम साथ निभाता
करता उसको सुना है निहाल सांवरे
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे

अर्ज तुमसे बाबा बस इतना है कहना
हर ग्यारस खाटू में दर्शन मुझको देते रहना
बस कर दे तू इतना कमाल सांवरे
मिलता रहे तेरा प्यार सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5/